<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3226

09 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

दंतेवाडा की खानों से निर्यात

3226. श्री दीपक बैजः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में दंतेवाडा की खानों से उत्पादित विभिन्न खनिजों और लौह अयस्कों का ब्यौरा क्या है तथा इस खान से प्राप्त होने वाले खनिजों को किन देशों को निर्यात किया जाता है;

(ख) दंतेवाडा जिले में स्थित एनएमडीसी के अंतर्गत खान 13 को किसी निजी फर्म को पट्टे पर देने संबंधी संविदा पर हस्ताक्षर किए गए हैं और यदि हां, तो इन खानों से प्राप्त लौह अयस्क तथा अन्य खनिजों के नाम क्या हैं तथा इसकी मात्रा कितनी है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व जिसके आधार पर संविदा पर हस्ताक्षर किए गए थे उक्त खानों में खान की खनिजों तथा लौह अयस्क की अनुमानित मात्रा का ब्यौरा क्या है; और

(घ) छत्तीसगढ़ में कितनी खाने निजी कंपनियों को पट्टे पर दी गई हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क): छत्तीसगढ़ में एनएमडीसी डिपॉजिट 5, 10, 11ख, 11ग तथा 14 नामक अपनी पाँच खदानों से लौह अयस्क का उत्पादन कर रहा है। एनएमडीसी द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ में अपनी खदानों से उत्पादित लौह अयस्क का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**उत्पादन (मिलियन टन में)**
2016-17	22.008
2017-18	23.565
2018-19	23.289

एनएमडीसी एमएमटीसी (एमएमटीसी भारत सरकार की केनेलाइजिंग एजेंसी होने के नाते) के माध्यम से दीर्घ अवधि करार (एलटीए) के अंतर्गत जापान तथा दक्षिण कोरिया को लौह अयस्क का निर्यात कर रहा है और ये निर्यात समय-समय पर सरकार के निर्णयों के आधार पर किए जाते हैं। निर्यात का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**उत्पादन (मिलियन टन में)**	**मात्रा सहित विदेश को निर्यात (मिलियन टन में)**		
		जापान	दक्षिण कोरिया	कुल
2016-17	22.008	2.13	0.6	2.73
2017-18	23.565	1.99	0.61	2.60
2018-19	23.289	0.87	0.31	1.18

(ख) और (ग): खदान संख्या 13 की लीज एक निजी इकाई को दिए जाने के संबंध में कोई संविदा नहीं की गई है। एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा खदान के प्रचालन के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से एक खदान विकासक सह प्रचालक (एमडीओ) को नियुक्त किया गया है, यह लीज एनसीएल के नाम पर ही रहेगी। अभी तक, डिपॉजिट 13 से खनन शुरू नहीं हुआ है।

(घ): छत्तीसगढ़ राज्य में निजी कंपनियों को लौह अयस्क की 11 खनन लीज प्रदान की गई है।

****